## सोमार्थ सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के सदस्यो की प्रथम बैठक का कार्यवाही विवरण (मिनिट्स)

**बैठक का दिनांकः** जुलाई 6, 2021

**बैठक का स्थानः** सेमिनार हाल, एन.जी.एफ कॉलेज, श्रीनगर, मितरोल, पलवल

**बैठक का समयः** 10:00 से 12:30 बजे तक

**<u>उपस्थित सदस्य गणः</u>**

1. श्री नवीन शर्मा, इन्चार्ज स्वच्छता अभियान जिला पलवल (प्रतिनिधि जिला उपायुक्त कार्यालय)
2. डॉ. पंकज खण्डेलवाल, प्रतिनिधि, सिविल सर्जन कार्यालय पलवल।
3. श्रीमजी मधु चौधरी, जिला आशा कोन्आर्डिनेटर एवं प्रतिनिधि जिला स्वास्थ्य विभाग
4. श्रीमती मीनल, ब्लॉक आशा कोआर्डिनेटर एवं प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग
5. श्रीमती आशा रानी ए.एन.एम, मनोनीत सदस्य, स्वास्थ्य विभाग
6. श्री महाबीर शर्मा, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
7. श्री रामप्रसाद, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
8. श्री एल. राजेन्द्र, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
9. श्री उदय सिंह, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
10. श्री मुकट लाल शर्मा, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
11. मौलाना आश मौहम्मद, मनोनीत सदस्य, समुदाय से
12. मौहम्मद इकबाल, मनोनीत सदस्य, समुदाय से

दो और मनोनीत सदस्य श्री अरूण चौधरी, सौंध गाँव से समुदाय के प्रतिनिधि एवं श्रीमती ओमवती, सी.डी.पी.ओ, होडल, आई.सी.डी.एस. विभाग से एक प्रतिनिधि के रूप में चयनित थी, किसी व्यक्तिगत कारणो से आज की बैठक में भाग नही ले सके।

**<u>कार्यवाही विवरणः</u>**

कार्यक्रम की शुरूआत 10:30 बजे हुआ, डॉ रूपक मुख्योपाध्याय, सोमार्थ–इनक्लेन की तरफ से कार्यक्रम की शुरूआत किया, उन्होंने उपस्थित सभी लोगो का अभिवादन किया, आज की बैठक का उद्देश्य बताया एवं पूरे कार्यक्रम की जानकारी दिया। इसके बाद उन्होंने प्रोफेसर एन.के. अरोड़ा, सोमार्थ–इनक्लेन के प्रमुख को स्वागत संबोधन के लिए आमंत्रित किया। प्रोफेसर अरोड़ा जी ने उपस्थित सभी लोगो का सोमार्थ परिवार की तरफ से आज की बैठक में भाग लेने के लिए अभिवादन किया और सभी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया, और उन्होंने ये कहा कि यह पिछले 12 वर्षो का सोमार्थ का सफर आप लोगो के सहयोग के बिना संभव नही होता, और उन्होंने ने आशा प्रकट किया कि इसी तरह से आप सभी का प्यार, सहयोग हमे आगे भी मिलता रहेगा,। उन्होंने यह भी बताया कि यह

सोमार्थ सामुदायिक सहालकार बोर्ड का गठन इसी का एक हिस्सा है, इसको आगे बढ़ाने, बनाए रखने के लिए एवं सुचार रूप से जारी रखने के लिए यह किया जा रहा है। अंत में सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. रूपक एवं अन्य साथीगण आपके समझ रखेंगे।

डॉ. रूपक ने प्रोफेसर अरोड़ा जी का धन्यवाद किया, एवं आगे के कार्यक्रम के विषय मे बताया सभी उपस्थित लोगो का संक्षिप्त परिचय हुआ, जिसमें सभी ने अपना–अपना परिचय दिया। परिचय के बाद डॉ. रूपक ने डॉ. शिखा दीक्षित को सोमार्थ एवं सोमार्थ द्वारा अब तक पिछले 12 वर्षो में किए गए प्रमुख कार्यो के बारे में बताने के लिए आमंत्रित किया, ताकि सोमार्थ का अब तक का जो सफर रहा है, लोग उसके बारे में अवगत हो सके। डॉ शिखा के प्रजेन्टेंशन के बाद डॉ. रूपक ने उनका धन्यवाद किया, एवं अगले विषय पर खुद वक्ता के रूप में लोगो को बताया।

डॉ. रूपक ने सोमार्थ सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के गठन का उद्‌देश्य बताया, उन्होंने कहा कि यह बोर्ड सोमार्थ शोधकर्ताओ एवं समुदाय के बीच एक कड़ी का काम करेगा, और समय–समय पर शोध टीम का मार्गदर्शन करेगा। शोध को कैसे बेहतर ढंग से किया जाए, शोध का लाभ लोगो तक कैसे पहुचाया जाए आदि विषयो पर अपनी राय से शोध टीम को अवगत कराएगा। इसके साथ–साथ उन्होंने यह भी सुझाव रखा कि इस बोर्ड में कुल 15 सदस्य है, जिसमें 9 सदस्य समुदाय (गाँव) से, एक सदस्य डी.सी. ऑफिस से, 4 सदस्य स्वास्थ्य विभाग से एवं एक सदस्य आइ.सी.डी.एस. से इस सोमार्थ सामुदायिक सलाहकार बोर्ड में शामिल किए गए है।

इसके बाद उन्होंने बताया कि इस बोर्ड के कार्य को संचालित करने के लिए दो को–चेयर भी बनाना है, एक को–चेयर सोमार्थ की तरफ से चिन्हित किया जाता है, वह है श्री नवीन शर्मा जी, जोकि जिला प्रशासन की तरफ से प्रतिनिधि के रूप होगे और दूसरा को–चेयर समुदाय (गाँव) की तरफ से होना चाहिए और उन्होंने इसमे चुनाव के लिए उपस्थित सभी सदस्यो से आग्रह किया, और सभी लोगो ने सर्व सम्मति से श्री महावीर शर्मा जी को इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए आग्रह किया, और दोनो को–चेयर को डायस सीट पर बैठने के लिए निवेदन किया गया। इसके बाद डॉ. रूपक ने सोमार्थ सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के गठन का उद्‌देश्य, इसका कार्य एवं जिम्मेदारी, बैठक की अवधि आदि विस्तार से बताया।

इसके बाद सभी सदस्यो को अपना विचार रखने के लिए आग्रह किया, निम्नलिखित सदस्यो ने अपने विचार रखेः

1. श्री नवीन शर्मा को–चेयरः सबसे पहले नवीन जी ने सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के गठन के विचार का स्वागत किया, और अपने को को–चेयर की जिम्मेदारी के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस एडवाइजरी बोर्ड के गठन को अच्छा कदम बताया

कि समुदाय को साथ लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि वे खुद पिछले 13–14 वर्षो से पलवल मे ही कार्यरत है और सोमार्थ के साथ अपने सफर का भी जिक्र किया कि मैं पिछले 12 वर्षो से बड़े, नजदीक से सोमार्थ के साथ जुड़ा हुआ हूँ, और सोमार्थ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एवं स्वच्छता कार्यक्रमो में अब तक के प्रयास की प्रशंसी की, खासकर सोमार्थ टीम एवं उसके प्रमुख डॉ. अरोड़ा का धन्यवाद किया और आगे अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

2. श्री महाबीर शर्मा (को–चेयर) सबसे पहले सभी सदस्यो का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद किया कि आप सभी ने सर्व सम्मति से जो मुझे जिम्मेदारी दी है, वह मैं अच्छे से निभाऊंगा। सोमार्थ के प्रयास की तारीफ किया, यह भी बताया कि इस बोर्ड के गठन से पूर्व सोमार्थ टीम उनके सम्पर्क में थी एवं समय–समय पर मेरी सलाह लेते रहते है और अब हम एक संगठित तरीके से अपना योगदान दे सकते है।
3. मौलाना आस मौहम्मद (सदस्य मेवात क्षेत्र)– मौलाना साहब ने बताया कि वह भी पिछले 12 वर्षो से सोमार्थ के साथ किसी न किसी तरह से जुड़े रहे है और समय–समय पर सोमार्थ का मार्गदर्शन करते रहे है, खासकर किस तरह मुस्लिम गाँवो में काम करे, पर अपनी राय देते रहे है, उस क्षेत्र में किन–किन लोगो से मिलना है, उन्हें कैसे साथ लेना है क्या बोलना है आदि इस तरह अपना योगदान देते रहे है, और आज यहां आकर इस सामुदायिक सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनकर उन्हें अच्छा लगा। उनका कहना था कि मुस्लिम समाज खासकर हमारा मेवात पढा लिखा नही है, वो अफवाहों पर जल्दी से विश्वास कर लेते है, जिसे पूरा करने में वक्त लगता है, पर इंशा अल्लाह हम अपनी तरफ से पूरी मद्द करेंगे और अपना पूरा सहयोग करेंगे, जरूरत पड़ी तो गाँव–गाँव जाकर लोगो को जागरूक करेंगे, अभी हाल ही में कोरोना टीका के लिए भी मैने प्रयास किया और इसी तरह से हम आगे भी करते रहेंगे।

4. श्री उदय सिंह (सदस्य)– इस सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के गठन को अच्छा कदम बताया। सोमार्थ के कार्यो की तारीफ किया, खासकर डॉ. अरोड़ा साहब का। उनका कहना था कि हम उन्हें जानते तो थे, क्योंकि मैं सोमार्थ के वार्षिक कार्यक्रमो में भाग लेता रहता हूँ, परन्तु टेलीविजन पर देखकर हमे पता चला कि ये कितने बडे आदमी है। फिर उन्होंने मेवात क्षेत्र की समस्या बताया कि खासकर हमारे मुस्लिम भाई ज्यादातर सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों से दूर रहते है, सहयोग कम करते है, उनमें विश्वास की कमी है, परन्तु आज मौलाना साहब के इस कार्यक्रम में भाग लेने एवं सहयोग का आश्वासन देने से इसमें बेहतरी आएगी, मैं मौलाना साहब का स्वागत करता हूँ और धन्यवाद भी देता हूँ कि आगे वे इसी तरह से सहयोग करेंगे।

5. श्री रामप्रसाद (सदस्य)– सोमार्थ सामुदायिक सलाहकार बोर्ड के गठन को अच्छा कदम बताया। सोमार्थ अच्छा काम कर रहा है, अभी कोरोना महामारी के दौरान पूरी टीम हमारे गाँव बहीन में आयी थी, वहां गाँव वालो को एवं झोला छाप डॉक्टरों को ईलाज के बारे में बताया, गाँव वालो को बचाव का तरीका बताया, जोकि लोगो को बहुत पसन्द आया।

6. श्री मुकट लाल शर्मा (सदस्य)– मुकट लाल जी ने भी आज के कार्यक्रम की तारीफ की, आगे भी सब लोग सहयोग देगे, ऐसा विश्वास जताया।

7. श्री नरेन्द्र सिंह (सदस्य)– सोमार्थ टीम को धन्यवाद दिया, तारीफ किया कि बड़ा अच्छा काम कर रहे है, अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। आज के कार्यक्रम को अच्छा बताया।

अंत में डॉ. मनोज ने उपस्थित सभी सदस्यो को धन्यवाद दिया और आज के मीटिंग के समापन की घोषणा किया। एक ग्रुप फोटो ग्राफी हुआ और सभी को केफेटेरिया में भोजन के लिए आमंत्रित किया गया।

**डॉक्टर रूपक मुखोपाध्याय**
डिप्टी डॉयरेटर, ऑफिसर इंचार्ज
सोमार्थ–इनक्लेन, पलवल